प्रादेशिक समाचार
आकाशवाणी जयपुर–अजमेर
दिनांकः 23.06.2025 समय : 09:00 ए.एम.

00000

- संसद और राज्यों तथा केंद्रशासित प्रदेशों के विधायी निकायों की प्राक्कलन समितियों के राष्ट्रीय सम्मेलन का आज लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला उद्घाटन करेंगे।
- ऑपरेशन सिंधु के तहत अब तक एक हजार 713 भारतीयों को ईरान से सुरक्षित स्वदेश लाया गया।
- राज्य सरकार ने देर रात बडा प्रशासनिक फेरबदल करते हुए भारतीय प्रशासनिक सेवा के 62 अधिकारियों के तबादले किये।
- राजस्थान लोक सेवा आयोग–आरपीएससी की ओर से आरएएस परीक्षा 2023 के पांचवें चरण के साक्षात्कार आज से।

00000

लोकसभा अध्यक्ष ओम बिड़ला आज मुम्बई में संसद और राज्यों तथा केन्द्र शासित प्रदेशों के विधायी निकायों की प्राक्कालन समितियों के राष्ट्रीय सम्म्लेन का उद्घाटन करेंगे। वे संसद की प्राक्कलन समिति के 75वीं वर्षगांठ पर स्मारिका का विमोचन भी करेंगे। सम्मेलन में प्रशासन में दक्षता और मितव्ययता सुनिश्चित करने के लिए बजट आकलन की प्रभावी निगरानी और समीक्षा में समिति की भूमिका पर विचार होगा। समिति के कामकाज की 75वीं वर्षगांठ के उपलक्ष्य में सम्मेलन का आयोजन किया जा रहा है। सम्मेलन में राज्यसभा के उपसभापति हरिवंश और संसद की प्राक्कलन समिति के अध्यक्ष संजय जायसवाल भी शामिल होंगे। संसद और सभी राज्यों तथा केंद्र शासित प्रदेशों के विधान मंडलों की प्राक्कलन समितियों के अध्यक्ष और सदस्य भी उद्घाटन सत्र में उपस्थित रहेंगे।

0000

ऑपरेशन सिंधु के तहत अब तक एक हजार 713 भारतीयों को ईरान से सुरक्षित स्वदेश लाया जा चुका है। विदेश राज्य मंत्री पबित्रा मार्गेरिटा ने ईरान के मशहद से कल रात विशेष उड़ान से नई दिल्ली पहुंचे 285 भारतीय नागरिकों की हवाई अड्डे पर अगवानी की। उन्होंने बताया कि अगले दो दिनो में ईरान से 2 से 3 और उड़ानें निर्धारित हैं। श्री मार्गेरिटा ने कहा कि मंत्रालय ईरान और इस्राइल में सभी भारतीय नागरिकों के साथ लगातार संपर्क में है। ईरान में भारतीय दूतावास बड़ी संख्या में भारतीय नागरिकों को सुरक्षित क्षेत्रों में स्थानांतरित करने और उन्हें स्वदेश लाने में सहायता कर रहा है। भारतीयों को सलाह दी गई है कि वे तेहरान में भारतीय दूतावास की आपातकालीन हेल्पलाइन और नई दिल्ली में विदेश मंत्रालय के चौबीसों घंटे कार्यरत नियंत्रण कक्ष के संपर्क में रहें।

0000

राज्य सरकार कल से पंडित दीनदयाल उपाध्याय अन्त्योदय सम्बल पखवाड़ा चलाएगी। 9 जुलाई तक संचालित होने वाले इस अभियान का उद्देश्य जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ आमजन तक पहुंचाना है। मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने कहा है कि सरकार का संकल्प ''गरीबी मुक्त राजस्थान'' बनाने का है। उन्होंने कहा कि पंडित दीनदयाल उपाध्याय गरीबी मुक्त गांव योजना के पहले चरण में पांच हजार गांवों के बीपीएल परिवारों को गरीबी की रेखा से ऊपर लाने का लक्ष्य रखा गया है। इसके लिए ग्राम पंचायत स्तर पर रोजाना शिविर लगाए जाएंगे। श्री शर्मा ने कहा कि इस पखवाड़े में राजस्व मामलों के तहत लम्बित पत्थरगढ़ी, सीमाज्ञान और नामान्तरण के मामलो का निस्तारण सहित विभिन्न कार्य किए जाएंगे। वहीं, ग्रामीण विकास विभाग की ओर से पंडित दीनदयाल उपाध्याय गरीबी मुक्त गांव योजना में बीपीएल परिवारों को विभिन्न लाभकारी योजनाओं से जोड़ा जाएगा। पंचायती राज विभाग की ओर से स्वामित्व पट्टों का वितरण और वर्षा जल संरक्षण के लिए जलग्रहण संरचनाओं की मरम्मत संबंधी कार्य करवाए जाएंगे।

0000

21 जून को 11वें अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के उपलक्ष्य में प्रदेशभर में विभिन्न स्थानों पर व्यापक रूप से योगाभ्यास के कार्यक्रम आयोजित हुए। योग दिवस से पहले इसमें काउंन्टडाउन के तहत जिलों में कार्यक्रमों की श्रंखला बनी रही। जयपुर ग्रेटर नगर निगम ने 1800 मिनट अखंड योग का विश्व रिकॉर्ड भी बनाया।

.....

**0000**

राज्य सरकार ने देर रात बडा प्रशासनिक फेरबदल करते हुए भारतीय प्रशासनिक सेवा के 62 अधिकारियों का तबादला कर दिया। इनमें तीन संभागीय आयुक्त और दस जिलों के कलक्टरों को भी बदला गया है। मुख्यमंत्री के प्रमुख सचिव आलोक गुप्ता को उद्योग विभाग और इस पद पर कार्यरत अजिताभ शर्मा को **ऊर्जा विभाग के** प्रमुख शासन सचिव की जिम्मेदारी दी गई है। सीएमओ में एसीएस शिखर अग्रवाल को रीको के अध्यक्ष की जिम्मेदारी सौंपी गई है। गृह विभाग के एसीएस आनंद कुमार की जगह भास्कर ए सांवत को लगाया गया है। वहीं पंचायती राज विभाग के एसीएस कुलदीप रांका का तबादला अतिरिक्त मुख्य सचिव, उच्च एवं तकनीकी शिक्षा विभाग में किया गया है। डॉ. टीना सोनी को भरतपुर का संभागीय आयुक्त, विश्राम मीणा को बीकानेर का और शक्ति सिंह राठौड़ को अजमेर का संभागीय आयुक्त बनाया गया है। हनुमानगढ कलेक्टर कानाराम को सवाईमाधोपुर कलेक्टर की जिम्मेदारी दी गई है। रूडसीको के कार्यकारी निदेशक पीयुष समरिया को कोटा जिला कलेक्टर और ब्यावर जिला कलेक्टर महेन्द्र खड़गावत को डीडवाना–कुचामन का जिला कलेक्टर बनाया गया है।

0000

राजस्थान लोक सेवा आयोग–आरपीएससी की ओर से आरएएस परीक्षा 2023 के पांचवें चरण के साक्षात्कार आज से तीन जुलाई तक आयोजित किए जाएगे। आयोग के सचिव रामनिवास मेहता ने बताया कि अभ्यर्थियों को साक्षात्कार के समय ऑनलाइन भरे गए आवेदन पत्र की दो प्रतिया और सभी प्रमाण पत्रों की फोटोकॉपी साथ लानी होगी। ग़ौरतलब है कि राजस्थान लोक सेवा आयोग ने नौ सौ बहत्तर पदों के लिए आरएएस मुख्य परीक्षा 2023 का आयोजन 20 और 21 जुलाई 2024 को किया गया था। इसका परिणाम आयोग ने दो जनवरी 2025 को घोषित किया था। पहले चरण के साक्षात्कार 21 अप्रैल से शुरू हुए थे और तभी से लगातार साक्षात्कार प्रक्रिया जारी है।

0000

भरतपुर का केवलादेव राष्ट्रीय उद्यान घना इन दिनों पक्षियों के कलरव से गुंजायमान हो रहा है। मानसून के साथ ही उद्यान में ओपन बिल स्टॉर्क ने दस्तक दे दी है। हमारे संवाददाता ने बताया कि उद्यान में 100 से अधिक ओपन बिल स्टॉर्क आये हुए है और उन्होंने मैटिंग और नेस्टिंग प्रक्रिया शुरू कर दी है।

....

0000

प्रदेश में मानसून की बारिश का दौर जारी है। पिछले 24 घंटों में जयपुर सहित सिरोही, राजसमंद, अलवर, बांसवाड़ा, बांरा, भीलवाड़ा, दौसा, डूंगरपुर, झालावाड़, करौली, कोटा और प्रतापगढ़ में हल्की से मध्यम बारिश दर्ज की गई। बारिश के चलते प्रदेश के जलाशयों में पानी की आवक जारी है। मौसम विभाग ने आज और कल जयपुर, कोटा और भरतपुर संभाग में भारी बारिश को लेकर अलर्ट जारी किया है। इस दौरान अतिभारी बारिश होने की संभावना है। पश्चिमी राजस्थान के बीकानेर संभाग के कुछ भागों में कल से 27 जून के दौरान आंधी बारिश की गतिविधियों में बढ़ोतरी होने के आसार है।

00000

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी 29 जून को आकाशवाणी के मन की बात कार्यक्रम में अपने विचार साझा करेंगे। यह इस मासिक रेडियो कार्यक्रम की 123वीं कड़ी होगी। इसके लिए श्रोता 27 जून तक अपने सुझाव भेज सकते हैं। इन्हें टोल–फ्री नम्बर 1800–11–7800 के माध्यम से दिया जा सकता है। वहीं नरेंद्र मोदी एप या माय जीओवी ओपन फोरम के जरिए भी सुझाव भेजे जा सकते हैं। ये कार्यक्रम आकाशवाणी और दूरदर्शन के समूचे नेटवर्क पर प्रसारित होगा।

0000